भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 2196#
गुरुवार, 7 अगस्त, 2025/16 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**देश भर में पर्यटन स्थलों पर बढ़ती पर्यटकों की संख्या**

**2196# डा. भीम सिंह:**
**डा. लक्ष्मीकान्त बाजपेयी:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस तथ्य से अवगत है कि देश भर के पर्यटन स्थलों पर भारी संख्या में पर्यटकों का आगमन हो रहा है जिसके कारण दिन-प्रतिदिन इन स्थलों का प्रबंधन कठिन होता जा रहा है और इन स्थलों पर तथा वहां तक जाने वाले मार्गों पर अनेक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं;

(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई अध्ययन और सर्वेक्षण कराया है, यदि हाँ, तो पिछले पाँच वर्षों में पर्यटकों की सख्या में कितनी वृद्धि हुई है तथा प्रमुख स्थलों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश भर के पर्यटन स्थलों पर बढ़ते पर्यटकों की भीड़ को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए सरकार की क्या योजनाएँ/नीतियाँ हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): गंतव्य प्रबंधन सहित पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाता है।

पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन स्थलों पर भीड़भाड़ के प्रभाव का आकलन करने के लिए कोई विशिष्ट अध्ययन नहीं कराया है। हालाँकि, मंत्रालय अपनी स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0) योजना और स्वदेश दर्शन 2.0 की 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास' नामक एक उप-योजना के तहत, राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को स्थायी पर्यटन स्थलों के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

एसडी 2.0 योजना विभिन्न परियोजनाओं में स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन कार्यपद्धतियों के कार्यान्वयन पर बल देती है और पर्यावरणीय स्थिरता, सामाजिक-

सांस्कृतिक स्थिरता और आर्थिक स्थिरता सहित स्थायी पर्यटन के सिद्धांतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। एसडी 2.0 और सीबीडीडी योजनाओं के तहत स्वीकृत कई परियोजनाओं में स्थायी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सीसीटीवी, पाथवे, प्रतीक्षा क्षेत्र, इको-पारिस्थितिक-विश्राम स्थल, बायो-टॉयलेट, अपशिष्ट प्रबंधन तथा रीसाइक्लिंग, पर्यावरण अनुकूल परिवहन, सौर प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग आदि तथा उनकी वहन क्षमता प्रबंधन जैसे कई घटक शामिल हैं।

भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)' योजना के अंतर्गत देश में 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिनके प्रस्ताव राज्य सरकारों द्वारा तैयार किए गए थे। इस योजना के अंतर्गत, मंत्रालय ने राज्य सरकारों को डीपीआर के एक हिस्से के रूप में भौतिक वहन क्षमता और उसे सीमित करने वाले कारकों का आकलन करने के बाद अंतिम वहन क्षमता की गणना करने की सलाह दी।

भारत को स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन के लिए एक पसंदीदा वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए पर्यटन मंत्रालय ने स्थायी पर्यटन के लिए एक राष्ट्रीय कार्यनीति भी तैयार की है।

मंत्रालय ने 'ट्रैवल फॉर लाइफ' कार्यक्रम भी शुरू किया है, जिसका उद्देश्य पर्यटकों और पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को स्थायी पर्यटन कार्यपद्धतियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

इसके अलावा, मंत्रालय संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्राप्त जानकारी के आधार पर विभिन्न राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों में घरेलू और विदेशी पर्यटकों की यात्राओं (डीटीवी और एफटीवी) से संबंधित आंकड़े संकलित करता है। पिछले पाँच वर्षों के डीटीवी और एफटीवी के राज्यवार आंकड़े **अनुबंध** में दिए गए हैं।

*****

**अनुबंध**

डा. भीम सिंह और डा. लक्ष्मीकान्त बाजपेयी द्वारा देश भर में पर्यटन स्थलों पर बढ़ती पर्यटकों की संख्या के संबंध में दिनांक 07.08.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 2196# के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

**वर्ष 2019-2024 के दौरान राज्य-वार घरेलू और विदेशी पर्यटकों की यात्राएं (डीटीवी और एफटीवी)**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | 2019 | | 2020 | | 2021 | | 2022 | | 2023 | | 2024 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | डीटीवी | एफटीवी | डीटीवी | एफटीवी | डीटीवी | एफटीवी | डीटीवी | एफटीवी | डीटीवी | एफटीवी | डीटीवी | एफटीवी |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 5,05,398 | 16,206 | 1,91,207 | 5,412 | 1,26,238 | 1,687 | 2,35,061 | 4,461 | 3,23,189 | 9,025 | 7,10,397 | 11,497 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 23,70,51,508 | 2,80,356 | 7,08,28,590 | 67,591 | 9,32,77,569 | 27,551 | 19,27,16,721 | 1,65,845 | 25,47,06,328 | 60,426 | 29,02,66,452 | 2,62,431 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 5,55,639 | 7,825 | 42,871 | 961 | 1,02,915 | 182 | 2,22,437 | 1,055 | 10,40,601 | 3,816 | 8,69,912 | 4,210 |
| 4 | असम | 54,47,805 | 26,878 | 12,66,898 | 7,285 | 14,09,161 | 536 | 83,82,003 | 9,001 | 76,12,720 | 23,818 | 76,08,169 | 27,170 |
| 5 | बिहार | 3,39,90,038 | 10,93,141 | 56,38,024 | 3,08,080 | 25,01,193 | 1,046 | 2,53,30,364 | 86,829 | 8,15,85,701 | 5,46,576 | 6,54,63,304 | 7,36,720 |
| 6 | चंडीगढ़ | 15,63,795 | 44,132 | 4,17,953 | 12,218 | 2,28,809 | 5,451 | 30,27,165 | 28,439 | 3,65,591 | 31,498 | 9,98,605 | 39,058 |
| 7 | छत्तीसगढ | 1,73,04,506 | 6,817 | 28,10,227 | 2,322 | 47,47,417 | 8 | 2,36,36,291 | 238 | 2,60,22,069 | 953 | 3,14,87,900 | 3,485 |
| 8 | दादरा नगर हवेली और दमन और दीव | 15,16,134 | 7,369 | 4,02,395 | 1,604 | 6,61,222 | 185 | 7,99,602 | 1,791 | 10,04,327 | 4,049 | 13,58,901 | 2,626 |
| 9 | दिल्ली | 3,64,67,598 | 29,83,436 | 95,83,671 | 6,81,230 | 1,06,42,477 | 1,00,178 | 2,71,86,209 | 8,15,713 | 3,94,14,622 | 18,28,116 | 4,62,57,000 | 19,99,410 |
| 10 | गोवा | 71,27,287 | 9,37,113 | 32,58,715 | 3,02,751 | 33,08,089 | 22,128 | 70,11,992 | 1,74,799 | 81,75,460 | 4,52,692 | 99,41,286 | 4,67,911 |
| 11 | गुजरात | 5,88,64,661 | 5,95,607 | 1,94,64,517 | 2,10,047 | 2,45,25,210 | 11,319 | 13,58,11,325 | 17,77,215 | 17,80,66,579 | 28,06,871 | 18,40,14,075 | 22,74,477 |
| 12 | हरियाणा | 45,49,017 | 48,046 | 21,14,731 | 17,474 | 20,25,450 | 4,578 | 21,08,496 | 2,439 | 20,12,162 | 1,346 | 18,92,251 | 1,265 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 1,68,29,231 | 3,82,876 | 31,70,714 | 42,665 | 56,32,270 | 4,932 | 1,50,70,944 | 29,333 | 1,59,42,118 | 62,806 | 1,80,41,929 | 82,765 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 1,61,63,330 | 57,920 | 25,19,524 | 5,317 | 1,13,14,920 | 1,650 | 1,84,99,332 | 19,985 | 2,06,79,336 | 55,337 | 2,35,24,629 | 65,452 |
| 15 | झारखंड | 3,55,80,768 | 1,76,043 | 25,74,704 | 490 | 33,83,642 | 1,637 | 3,82,84,379 | 1,92,319 | 3,57,76,102 | 1,89,261 | 5,40,40,789 | 45,273 |
| 16 | कर्नाटक | 22,79,34,714 | 6,08,754 | 7,74,53,339 | 1,65,325 | 8,13,33,659 | 72,487 | 18,24,13,203 | 1,28,520 | 28,41,20,502 | 4,09,333 | 30,45,63,569 | 4,85,204 |
| 17 | केरल | 1,83,84,233 | 11,89,771 | 49,88,972 | 3,40,755 | 75,37,617 | 60,487 | 1,88,67,414 | 3,45,549 | 2,18,71,641 | 6,49,057 | 2,22,46,989 | 7,38,374 |
| 18 | लक्षद्वीप | 6,985 | 820 | 3,462 | 413 | 13,500 | 4 | 22,844 | 125 | 45,796 | 755 | 67,430 | 898 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 8,87,07,139 | 3,27,958 | 2,35,19,632 | 99,819 | 2,55,54,067 | 41,601 | 3,58,48,781 | 2,04,454 | 11,19,46,409 | 1,82,685 | 13,31,76,410 | 1,67,535 |
| 20 | महाराष्ट्र | 14,92,94,703 | 55,28,704 | 3,92,34,591 | 12,62,409 | 4,35,69,238 | 1,85,643 | 11,12,97,624 | 15,11,623 | 16,13,59,527 | 33,87,739 | 18,93,71,541 | 37,05,170 |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | मणिपुर | 1,67,560 | 13,608 | 49,669 | 3,139 | 49,371 | 648 | 1,39,518 | 3,908 | 57,701 | 3,668 | 29,102 | 2,518 |
| 22 | मेघालय | 12,45,633 | 25,813 | 24,734 | 2,311 | 1,54,409 | 411 | 9,37,091 | 7,774 | 13,71,674 | 19,973 | 14,02,624 | 20,023 |
| 23 | मिजोरम | 1,63,762 | 2,249 | 30,890 | 265 | 87,232 | 234 | 2,18,420 | 2,611 | 2,15,230 | 3,884 | 5,18,873 | 5,911 |
| 24 | नागालैंड | 1,25,949 | 5,577 | 10,979 | 518 | 23,968 | 325 | 97,431 | 2,923 | 99,720 | 4,725 | 1,25,516 | 5,623 |
| 25 | ओडिशा | 1,53,07,637 | 1,15,128 | 46,22,273 | 10,206 | 37,42,221 | 2,269 | 78,67,909 | 22,121 | 97,25,184 | 45,173 | 1,09,98,819 | 53,392 |
| 26 | पुदुचेरी | 17,13,248 | 1,49,919 | 11,14,942 | 92,080 | 12,53,213 | 321 | 17,60,480 | 862 | 20,92,076 | 31,214 | 21,19,792 | 17,819 |
| 27 | पंजाब | 4,73,85,387 | 11,01,343 | 1,66,92,197 | 3,59,114 | 2,66,40,429 | 3,08,135 | 2,60,89,425 | 3,29,458 | 3,57,07,600 | 7,41,734 | 2,77,45,183 | 5,41,784 |
| 28 | राजस्थान | 5,22,20,431 | 16,05,560 | 1,51,17,239 | 4,46,457 | 2,19,88,734 | 34,806 | 10,83,28,156 | 3,96,684 | 17,90,51,925 | 16,99,869 | 23,00,84,198 | 20,72,407 |
| 29 | सिक्किम | 14,21,823 | 1,33,388 | 3,16,408 | 19,935 | 5,11,669 | 11,508 | 16,25,573 | 68,645 | 13,21,169 | 93,908 | 15,40,421 | 84,820 |
| 30 | तमिलनाडु | 49,48,65,257 | 68,66,327 | 14,06,51,241 | 12,28,323 | 11,53,36,719 | 57,622 | 21,85,84,846 | 4,07,126 | 28,60,11,515 | 11,74,899 | 30,68,42,014 | 11,61,302 |
| 31 | त्रिपुरा | 4,37,201 | 1,54,405 | 1,27,815 | 31,877 | 1,77,816 | 5 | 2,35,600 | 8,493 | 3,66,104 | 66,708 | 6,00,651 | 1,02,624 |
| 32 | तेलंगाना | 8,30,35,894 | 3,23,326 | 3,99,97,001 | 46,694 | 3,20,00,620 | 5,917 | 6,07,48,425 | 68,401 | 5,84,47,573 | 1,60,912 | 8,82,39,675 | 1,55,313 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 53,58,55,162 | 47,45,181 | 8,61,22,293 | 8,90,932 | 10,97,08,435 | 44,737 | 31,79,13,587 | 6,48,986 | 47,85,25,688 | 16,01,503 | 64,68,07,146 | 23,64,996 |
| 34 | उत्तराखंड | 3,75,85,920 | 1,52,273 | 70,05,264 | 41,339 | 1,94,34,475 | 8,532 | 5,46,42,559 | 61,561 | 5,94,88,189 | 1,48,412 | 5,93,73,869 | 1,76,408 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 9,23,66,025 | 16,56,145 | 2,88,41,732 | 4,63,285 | 2,43,25,984 | 34,828 | 8,45,42,195 | 10,37,017 | 14,56,69,292 | 27,06,942 | 18,44,75,527 | 31,24,462 |
| 36 | लद्दाख | 2,41,285 | 38,652 | 6,743 | 1,126 | 3,03,023 | 1,054 | 5,10,137 | 21,259 | 4,89,059 | 36,315 | 3,36,682 | 39,704 |
| | **कुल** | **2,32,19,82,663** | **3,14,08,666** | **61,02,16,157** | **71,71,769** | **67,76,32,981** | **10,54,642** | **1,73,10,13,539** | **85,87,562** | **2,51,07,10,479** | **1,92,45,998** | **2,94,71,41,630** | **2,10,50,037** |

*****